भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 909

सोमवार, 12 दिसम्बर , 2022/21 अग्रहायण, 1944 (शक)

आंध्र प्रदेश में ईएसआईसी अस्पताल

909. डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवती:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:

(क) क्या सरकार प्रत्येक जिले में कम से कम एक कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पताल स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है;
(ख) यदि हां, तो आंध्र प्रदेश में ईएसआईसी अस्पतालों की जिला-वार संख्या और ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार को आंध्र प्रदेश में नए अस्पताल स्थापित करने के लिए अब तक कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और राज्य में ईएसआईसी द्वारा प्रस्तावित औषधालयों और अस्पतालों की संख्या कितनी है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ख): कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पताल की स्थापना एक सतत प्रक्रिया है और यह कर्मचारी राज्य बीमा निगम के मानदंडों के अनुसार एक क्षेत्र में बीमित व्यक्तियों (आईपी) की संख्या पर आधारित है।

(ग) और (घ): राज्य सरकार के अनुरोधों/प्रस्तावों/सहमति के अनुसरण में, ईएसआई निगम ने आंध्र प्रदेश राज्य में 8 नए ईएसआई अस्पतालों और 18 नए औषधालयों की स्थापना के लिए सैद्धांतिक रूप से अनुमोदन दे दिया है, ब्यौरा क्रमशः अनुबंध-I और अनुबंध-II में दिया गया है।

** *****

अनुबंध-I

आंध्र प्रदेश में ईएसआईसी अस्पताल के संबंध में डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवती द्वारा दिनांक 12.12.2022 को पूछे जाने वाले लोक सभा अंतारांकित प्रश्न संख्या 909 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

आंध्र प्रदेश में नव अनुमोदित कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पतालों से संबंधित ब्यौरा

क्र.सं.	**राज्य**	**स्थान**	**अनुमोदित बिस्तरों की संख्या**
1.	गुंटूर	गुंटूर (ईएसआईसी)	100
2.	विजयनगरम	विजयनगरम	100
3.	पूर्वी गोदावरी	काकीनाडा	100
4.	अनंतपुर	पेनुकोंडा	100
5.	विशाखापट्टनम	विशाखापट्टनम	400
6.	विशाखापट्टनम	अच्युतपुरम	30
7.	श्री पोट्टी श्रीरामुलु (नेल्लोर)	श्री सिटी, नेल्लोर	100
8.	श्री पोट्टी श्रीरामुलु (नेल्लोर)	नेल्लोर	100

अनुबंध-II

आंध्र प्रदेश में ईएसआईसी अस्पताल के संबंध में डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवती द्वारा 12.12.2022 को पूछे जाने वाले लोक सभा अंतारांकित प्रश्न संख्या 909 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

आंध्र प्रदेश में नव अनुमोदित कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) औषधालयों से संबंधित ब्यौरा

क्र.सं.	स्थान
1.	तिरुमाला, तिरुपति देवस्थानम
2.	अन्नाकापल्ली
3.	नक्कापल्ली
4.	ओंगोल (प्रकाशम)
5.	श्रीकुलम सिटी
6.	विजयनगरम शहर
7.	नायडूपेट
8.	सत्यवेदु
9.	पुथलपट्टु
10.	वेराधिपनेम
11.	कंचिकचेर्ला
12.	चिल्लकुर
13.	तुनि
14.	एच्चेर्ला
15.	अप्पनवीदु
16.	मुथुकुर
17.	परावदा
18.	मुदनेपल्ली

*****